
**खबर संक्षेप**

## रीवा होटल के पास दो गुटों में हुआ विवाद मामला दर्ज



**शहडोल।** मंगलवार की रात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रीवा होटल के सामने दो गुटों में जमकर मारपीट हुई है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और एक दूसरे को हाथ मुक्के और लात से पीटना शुरू कर दिया। यह मारपीट लगभग आधे घंटे तक चली। विवाद किस बात को लेकर हुआ है, यह स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार रीवा होटल में खाना खाने के बाद यह विवाद हुआ था, जिसमें दोनों पक्ष के करीब दो दर्जन से अधिक लोग मौके पर पहुंचे और एक दूसरे को पीटने लगे। मौके पर खड़े कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाई और उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन मारपीट करने वाले युवा मानने को तैयार नहीं थे और एक-दूसरे को बुरी तरीके से पीट रहे थे। लोगों ने बताया कि मामले की जानकारी हमने कोतवाली पुलिस को दी थी, लेकिन काफी समय के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आधे घंटे तक यह मारपीट की घटना होती रही। मार्ग से आवाजाही करने वाले लोगों भी मारपीट देख सहम गए। होटल में खाना खा रहे लोग भी काफी दहशत में थे। आए दिन रीवा होटल के सामने विवाद की स्थिति निर्मित होती है, कोतवाली पुलिस की पेट्रोलिंग और फिक्स पॉइंट पर अब लोगों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि सूत्रों के मुताबिक मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करवाया और दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। विवाद पुराना बताया जा रहा है।

## नशीली दवाओं के साथ आरोपी धराये

**शहडोल।** जिले की जयसिंहनगर पुलिस को बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित टेबलेट जब्त कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है, खबर है कि थाना क्षेत्र में व्यापक रुप से नशे का कारोबार चलाया जा रहा है। जिसे रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देशन एवं थाना प्रभारी सतेन्द्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस द्वारा टेटका टोलवे के पास बांसा रोड में रजनीश शर्मा कुदरा टोला एवं अनंत शुक्ला वार्ड क्रमांक 01 को 11 मार्च को 600 नग प्रतिबंधित टेबलेट के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस को मिली कामयाबी में नगर निरीक्षक सतेन्द्र चतुर्वेदी, एएसआई संतोष मिश्रा, आरक्षक रोहित यादव, नीरज मिश्रा सहित स्टाफ का योगदान रहा।

## एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर कार्यशाला संपन्न



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव हमारे देश को अनावश्यक चुनावी खर्चों से मुक्ति दिलाने, राजनैतिक स्थिरता व विकास कार्यों को निरंतरता प्रदान करने हेतु एक आवश्यक एवं प्रभावी पहल है। श्रीमती चपरा ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव वर्तमान की अनिवार्य आवश्यकता है, देश के विकास कार्यों को गतिशीलता प्रदान करने व राजनीतिक स्थिरता की दृष्टि से एक राष्ट्र एक चुनाव की पहल मील का पत्थर साबित हो सकती है । उन्होंने कहा कि समूचे देश में विभिन्न वर्गों द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव का व्यापक समर्थन किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश में अलग-अलग समय पर लगातार हो रहे चुनाव के कारण विकास कार्यों के अवरुद्ध होने से निजात मिलेगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक ने एक राष्ट्र एक चुनाव के कानूनी पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव की उपयोगिता के संदर्भ में संदर्भ में जानकारी प्रदान की।

### फाल्गुन पूर्णिमा की रात का दीपावली, नवरात्रि और शिवरात्रि की रात के समान

# आज होगा होलिका दहन



शहडोल।

आज गुरूवार 13 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा है, इस तिथि पर रात में होलिका दहन किया जाता है। ये पर्व रात्रि जागरण का है, यानी इस पर्व पर रात में जागरण किया जाता है और अपने इष्टदेव की विशेष पूजा की जाती है। होलिका दहन की रात भक्त मंत्र जप करते हैं। माना जाता है कि इस रात में की गई पूजा-पाठ जल्दी सिद्ध होती है। फाल्गुन पूर्णिमा की रात का धार्मिक महत्व दीपावली, नवरात्रि और शिवरात्रि की रात के समान ही है। इन पर्वों पर रात में पूजा करने की परंपरा है। पं. रघुवंश मिश्रा के मुताबिक होली की रात मंत्र जप करने पर पूजा जल्दी सफल हो सकती है, इस पूजा से शुभ असर से भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। संयम रखकर गुरु मंत्र का जप करना चाहिए। मान्यता है कि होली की रात किया गया मंत्र जप का पूरे साल शुभ असर बना रहता है। इसलिए होलिका दहन की रात में अपने इष्ट देव की पूजा करने और मंत्र जप करने की परंपरा है।

### होली की राख होती है बहुत पवित्र

पं. मिश्रा कहते हैं कि होलिका दहन के बाद जो राख हमें मिलती है, वह सामान्य नहीं होती है। होली की राख को बहुत ही पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि होली की राख को पानी में मिलाकर स्नान करने से कुंडली के ग्रह दोषों का असर कम होता है। होली की राख का इस्तेमाल शिव पूजा में भस्म के रूप में किया जा सकता है। शिवलिंग पर होली राख से भस्म चढ़ा सकते हैं।

### होलिका दहन पौराणिक कथा

हिंदू पुराणों के अनुसार, हिरण्यकशिपु नाम का एक राजा, कई असुरों की तरह, अमर होने की कामना करता था, इस इच्छा को पूरा करने के लिए उन्होंने ब्रह्मा जी से वरदान पाने के लिए कठोर तपस्या की, प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने हिरण्यकशिपु को वरदान स्वरूप उसकी पांच इच्छाओं को पूरा किया कि वह दिन या रात, किसी भी हथियार से, पृथ्वी पर या आकाश में, अंदर या बाहर नष्ट नहीं होगा, पुरुषों या जानवरों, देवों या असुरों द्वारा नहीं मरेगा, उसके पास कभी न खत्म होने वाली शक्ति हो और वह सारी सृष्टि का एकमात्र शासक हो। वरदान प्राप्ति के बाद हिरण्यकशिपु ने अजेय महसूस किया, जिस किसी ने भी उसके वर्चस्व पर आपत्ति जताई, उसने उन सभी को दंडित किया और मार डाला, हिरण्यकशिपु का एक पुत्र था प्रह्लाद, प्रह्लाद ने अपने पिता को एक देवता के रूप में पूजने से इनकार कर दिया, उसने विष्णु भगवान में विश्वास करना और उनकी पूजा करना जारी रखा, प्रह्लाद की भगवान विष्णु के प्रति आस्था ने हिरण्यकशिपु को क्रोधित कर दिया और उसने प्रह्लाद को मारने के लिए कई प्रयास किए, जिनमें से सभी असफल रहे, इन्हीं प्रयासों में एक बार, राजा हिरण्यकशिपु की बहन होलिका ने प्रह्लाद को मारने के लिए अपने भाई का साथ दिया, विष्णु पुराण के अनुसार होलिका को ब्रह्माजी से वरदान में ऐसा वस्त्र मिला था, जो कभी आग से जल नहीं सकता था, बस होलिका उसी वस्त्र को ओढ़कर प्रह्लाद को जलाने के लिए आग में आकर बैठ गई, जैसे ही प्रह्लाद ने भगवान विष्णु के नाम का जाप किया, होलिका का अग्निरोधक वस्त्र प्रह्लाद के ऊपर आ गया और वह बच गया, जबकि होलिका भस्म हो गई थी।

### फाल्गुन पूर्णिमा पर करें ये शुभ काम भी

इस पूर्णिमा पर किसी पवित्र नदी में स्नान करें। जो लोग नदी स्नान करने नहीं जा पा रहे हैं, उन्हें घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए। स्नान करते समय सभी तीर्थों का ध्यान करना चाहिए। शिवलिंग पर जल चढ़ाकर अभिषेक करें। ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें। बिल्व पत्र, धतूरा, आंकड़े के फूल चढ़ाएं। चंदन का लेप लगाएं। मिठाई का भोग लगाएं। हनुमान जी के सामने दीपक जलाकर हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ करें। आप चाहें तो ऊँ श्रीराम दूताय नमः मंत्र का जप भी कर सकते हैं। भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक करें। कृं कृष्णाय नमः मंत्र का जप करें। बालगोपाल को माखन मिश्री का भोग तुलसी के पत्तों के साथ लगाएं। भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का अभिषेक करेंगे तो बहुत शुभ रहेगा। अभिषेक दक्षिणावर्ती शंख से करें। किसी गोशाला में गायों के लिए धन का और हरी घास का दान करें। जरूरतमंद लोगों को खाने-पीने की चीजें, धन, कपड़े, जूते-चप्पल, छाते का दान कर सकते हैं।

# ब्यौहारी पुलिस ने किया 2 चोरी का खुलासा
## 5 आरोपी गिरफ्तार, 3 लाख का मशरूका जब्त



शहडोल।

जिले के ब्यौहारी थाना में 28 जनवरी को फरियादी रामचरण गुप्ता पिता राधिका प्रसाद गुप्ता उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 02 रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह चाट-फुलकी का ठेला लगाने का काम करता है, बाणसागर के मेला मे चाट फुलकी लगाने चला गया था, वापस आकर देखा तो उसके घर का ताला टूटा हुआ था तथा पेटी एवं आलमारी मे रखे सोने चांदी के जेवर अज्ञात व्यक्ति चोरी कर लिया है। वहीं 08 मार्च को फरियादी राजीव ताम्रकार पिता अर्जुनदास ताम्रकार निवासी वार्ड क्रमांक-01 मुदरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 07-08 मार्च की दरम्यानी रात उसके घर मे अज्ञात व्यक्ति घुस कर सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिये है । फरियारियों की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 331(4),305(ए) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया था।

थाना प्रभारी द्वारा अज्ञात आरोपियों की पता तलाश के लिए 02 टीमों का गठन कर लगातार पता तलाश की गई, पता तलाश के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुदरिया मे रहने वाला छोटू कंजर पिता जुगुनू कंजर उम्र 31 वर्ष अपने साथी रामा कोल, बाबू लाल कोल, सूरज कोल, ओम प्रकाश कोल के साथ मिलकर उक्त चोरी की बारदातों को अंजाम दिया है। मुखबिर सूचना के आधार पर घटना मे संलिप्त छोटू कंजर पिता जुगुनू कंजर उम्र 31 वर्ष , रामा कोल पिता झुल्ला कोल उम्र 35 वर्ष, बाबूलाल कोल पिता सिल्ला कोल उम्र 27 वर्ष, सूरज कोल पिता रामेश्वर कोल उम्र 18 वर्ष, ओम प्रकाश उर्फ मंजू कोल पिता छोटेलाल को उम्र 22 वर्ष सभी निवासी वार्ड क्रमांक 01 पटकहली टोला मुदरिया को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई, जिस पर आरोपीगण द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया, आरोपीगण के मेमोरण्डम के आधार पर उनके द्वारा चोरी किये गये सोने, चांदी के जेवर, जिसमें एक जोड़ सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ सोने की मनचली माला, एक जोड़ सोने का कान का झुमका, एक जोड़ सोने की कान की बाली, एक जोड़ सोने की नाक की कील, तीन जोड़ चांदी की पायल, एक जोड़ चांदी की बच्चों की पायल, एक जोड़ चांदी का छलबल, 18 जोड़ चांदी की बिछिया आदि सोने चांदी के जेवरात कुल कीमती 03 लाख रूपये जप्त करने मे सफलता मिली है । प्रकरण में आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान एवं एस.डी.ओ.पी. ब्यौहारी के दिशा निर्देशन मे ब्यौहारी पुलिस द्वारा की गई है । कार्यवाही में थाना प्रभारी अरूण पाण्डेय एवं अधीनस्थ स्टाफ उपनिरीक्षक मोहन पडवार, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र उपाध्याय, अजय उपाध्याय, आरक्षक अमृत यादव, संजय द्विवेदी, त्रिलोक सिंह, गंगा सागर गुप्ता, पुष्पेन्द्र सिंह, सुखदेव सिंह, अजीत यादव, महिला आरक्षक अमृता मिश्रा की भूमिका रही है ।

### सुसाइड नोट लिख कहा...मुझे माफ करना और संयम न खोना

# सूदखोरों के जाल में फंसे युवक ने दी जान

शहडोल।

एक बार फिर सूदखोरों से तंग आकर युवक ने खुदकुशी कर ली, कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दिगम्बर कॉम्पलेक्स सब्जी मण्डी के पास रहने वाले श्रेयांश कुमार जैन उम्र 45 वर्ष ने आत्महत्या कर ली, मृतक तीन साल पहले जबलपुर से शहडोल आकर कपड़ा का व्यवसाय करता था, खबर है कि मृतक ने आत्महत्या से पहले सुसाइट नोट छोड़ा है, जिसमें उन्होंने अपना दर्द बयां किया है, चर्चा है कि मृतक कर्ज के तले दबा हुआ था, उन्होंने ब्याज में आत्याधिक पैसा ले रखा था , कर्जदार उन्हें परेशान किया करते थे और वह एक गंभीर बीमारी से भी ग्रसित थे, इन्हीं सब से तंग आकर उन्होंने आत्मघाती कदम उठाते हुए सुसाइड कर लिया , हालाकि सुसाइड नोट के अंत में लिखा कि मेरे भाई और पत्नी मुझे माफ करना और संयम न खोना। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### पुलिस-प्रशासन की नरमी

सूदखोरों से परेशान लोग मौत का रास्ता चुनने को मजबूर हैं, आधुनिक युग में भी सूदखोरी जैसी समस्या समाज में दीमक का काम कर रही है। लोगों को बातों के जाल में उलझाकर रुपए उधार देना और फिर ब्याज की दरों को बढ़ा-चढ़ाकर उनकी संपत्तियों पर कब्जा करने का काम सूदखोर कर रहे हैं। पुलिस व प्रशासन सूदखोरों पर नरमी बरतते हुए है। जनता न्याय का



दरवाजा खटखटाती तो है, लेकिन वह निराश होकर लौट जाती है, सूदखोरों से उन्हें निजात नहीं मिलती। आखिरकार उन्हें मौत का रास्ता अपनाना पड़ता है। श्रेयांश कुमार जैन की मौत ने यह साबित कर दिया कि संभागीय मुख्यालय में सूदखोर कितने हावी है कि लोग उनके भय से आत्महत्या करने को मजबूर हैं।

### ये है साहूकारी के नियम

जानकारों की माने तो सूद पर पैसे चलाने वाले को नगर पालिका में 100 रुपए का आवेदन पत्र लेकर 1500 रुपए फीस, पैन कार्ड, एड्रेस प्रूफ, फोटो के साथ शपथ पत्र देना होता है। नपा जांच कर लाइसेंस देगा। अगर कर्जदार रकम वापस नहीं करे तो, साहूकार दादागिरी नहीं कर सकता। उसे सिविल कोर्ट में वसूली के लिए वाद दायर करना होता है। बिना पंजीयन ब्याज पर कर्ज देना अपराध है। दोषियों पर मनी लांड्रिंग एक्ट में कार्रवाई हो सकती है। बिना लाइसेंस ब्याज से रुपए देना व वसूली के लिए किसी को प्रताड़ित करना गंभीर अपराध है। मामले में दोषियों को मप्र ऋण संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 4 के तहत ऋण वसूली के लिए उत्पीडऩ पर सजा हो सकती है।

### सुस्त हो चुकी पुलिसिंग

शहर में सूदखोरों का मकडज़ाल अब युवकों की जान ले रहा है। 10 से लेकर 40 प्रतिशत तक के ब्याज के गणित में यह सूदखोर जरूरतमंदों को ऐसा उलझाते हैं, वह जीवनभर इस उलझन से बाहर नहीं आ पाता। घर, जमीन, गहने सबकुछ बिक जाता है, लेकिन ब्याज पर ब्याज चलता ही जाता है। सूदखोरी का धंधा फल-फूल रहा है, गरीबों की जान ले रहा है, लेकिन सूदखोर बेखौफ हैं। इसकी वजह है- रसूखदारों को संरक्षण। इसमें माननीय से अधिकारी तक शामिल हैं, जिनकी जी- हुजूरी करते हुए यह सूदखोर आम जनता का जीना मुश्किल कर देते हैं। श्रेयांश कुमार जैन की मौत ने सूदखोरी के खेल को उजागर कर दिया है, हालाकि वर्तमान में जिस तरह से थाना क्षेत्रों में अपराध बढ़ रहे हैं, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है कि पुलिसिंग पूरी तरह से सुस्त हो चुकी है। जागरूक लोगों ने कप्तान से मांग की है कि सूदखोरों सहित शहर में फैल रहे अपराध पर अंकुश लगाने कोई ठोस निर्णय लें।

### इनका कहना है...

एक व्यक्ति के सुसाइड की सूचना मिली है, मृतक द्वारा सुसाइड नोट छोड़ा गया है, सुसाइड नोट का परीक्षण किया जा रहा है, सुसाइड नोट में उनके ऊपर कर्जा होना का उल्लेख किया गया है, यदि किसी प्रकार का अनैतिक दबाव या अपराध कि स्थित होगी तो, उसमें वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**रामजी श्रीवास्तव**
**पुलिस अधीक्षक, शहडोल**

# त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने बैठक हुई आयोजित

जयसिंहनगर।

थाना क्षेत्रांतर्गत रंगो के पर्व होली सहित आगामी चैत्रीय त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए शांति समिति की बैठक संयुक्त रूप से क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। उक्त शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी एस.पी. चतुर्वेदी द्वारा सभी उपस्थित क्षेत्रीय जनों से आगामी त्योहारों को शांति व सद्भावपूर्ण तरीके के साथ मनाने की अपील की गई। प्रेम व भाईचारे के प्रतीक होली के त्यौहार व आने वाले महत्वपूर्ण पर्वों को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने विचार दिए गए व सभी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने के लिए अपने-अपने स्तर पर पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की बात रखी। बैठक में प्रशासन की ओर से



मुख्य रूप से तहसीलदार सुषमा धुर्वे, एसडीओपी रवि प्रकाश, जनपद सीईओ अशोक मरावी, सीएमओ निशांत ठाकुर व अन्य विभागीय अधिकारी -कर्मचारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों के तौर पर अध्यक्ष अंत्योदय समिति अरुण गौतम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सातिका तिवारी, रामनारायण पाण्डेय पूर्व मंडल अध्यक्ष, मण्डल उपाध्यक्ष निर्मल द्विवेदी, पूर्व मण्डल महामंत्री दीपक पयासी, नगर परिषद् उपाध्यक्ष संपत मिश्रा, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष चक्रधारी शुक्ला, रावेन्द्र शर्मा, हिमांशु गुप्ता, राम प्रकाश राजू तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश शुक्ला, चन्द्रमा तिवारी, मिडिया से राकेश गुप्ता, मनोज गुप्ता ,सुनील द्विवेदी, सूरज पयासी, पंकज पांडे ,राजेंद्र शर्मा व जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सर्वे कर अवैध कालोनियों पर करें कार्यवाही: कमिश्नर
## नगरीय प्रशासन के विकास कार्यों की समीक्षा

शहडोल।

कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने नगरीय प्रशासन के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को दिए निर्देश दिए कि संभाग में ग्रीष्म ऋतु में नागरिको को पेयजल की किसी भी स्थिति में समस्या न हो इसके लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के आस-पास के जलाशयों की साफ-सफाई कराए, नालियों से राजस्व अमले के साथ अतिक्रमण भी हटाए। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय निकायों में कचरे का उठाव प्रतिदिन कराएं व आमजनों को प्रेरित करें कि गीले एवं सूखे कचरे को कचरा गाड़ी में ही डालें तथा नगरीय निकायों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभाग के नगरीय निकायों के





बाजारों को सुव्यवस्थिति करें तथा मैदानी अमले द्वारा बाजारों का निरीक्षण कराएं।

### न हो अवैध कालोनियों का निर्माण

कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभाग के नगरीय निकायों के हुए अवैध कालोनियां का सर्वे कर कार्यवाही करें तथा अब नये अवैध कालोनियों का निर्माण न हो यह भी सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने कहा कि नगर पालिकाओं द्वारा किये जा रहे कार्य गुणवत्तायुक्त हो तथा आधे-अधूरे निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्ताविहीन कार्य करने वाले ठेकेदारो के विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि कार्य न करने वाले ठेकेदारो को नोटिस देकर कार्य ठेका कार्य को निरस्त करना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरपालिकाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की स्थिति पोर्टल पर भी अपलोड करें। कमिश्नर ने संभाग के नगरीय निकायों के पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत निर्माणाधीन आवासों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने टैक्स वसूली, कायाकल्प अभियान, संजीवनी क्लीनिक, स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर लक्ष्य निर्धारित के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए अधिकारियों को दिए।

# होली का पर्व शांति और सौहार्दपूर्वक मानने की अपील, शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**शहडोल।** होलिका दहन एवं होली (धुरेडी) का त्यौहार शांति, शालीनता एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव एवं शांति समिति के सदस्यों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि होलिका दहन एवं होली (धुरेडी) का पर्व शांति और सौहार्दपूर्वक मनाया जाए।
बैठक में कलेक्टर ने कहा कि होलिका दहन का कार्यक्रम रात्रि 11 बजे तक पूर्ण कर लिया जाये तथा इस



बात का विशेष ध्यान दिया जाए कि होलिका ऐसे स्थानों पर रखी जाये, जिसके कारण यातायात बाधित न हो तथा बिजली, टेलीफोन के तार, पेड़ आदि न हो। उन्होनें कहा कि होलिका दहन का कार्यक्रम जिन स्थानों पर किया जाये तथा होलिका रखे जाने वाले स्थानों की सूची पुलिस कन्ट्रोल रूम में उपलब्ध कराया जाये। होलिका में सूखी लकड़ी व परम्परागत ईंधन का ही उपयोग किया जाये किसी भी परिस्थिति में हरे पेड़ों को काटकर होलिका दहन में उपयोग न करें। कलेक्टर ने यह भी कहा है कि होली का रंग दूसरे व्यक्ति की सहमति से ही डाला जाये, जिससे अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

## कलेक्टर ने किया 13 से शुष्क दिवस घोषित

*उमरिया।* होली त्योहार के अवसर पर कानून तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले की समस्त कंपोजिट देशी, विदेशी मदिरा दुकानो, देशी मद्यभंडागार एवं एफ एल -3 ए होलिका दहन 13 मार्च की सायं 6 बजे से 14 मार्च को होली की सायं 6 बजे तक के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है । इस अवधि में जिले के अंतर्गत मदिरा का क्रय विक्रय एवं परिवहन संग्रहण तथा वितरण पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा ।

## अमरपुर चौकी में शांति समिति की बैठक संपन्न

**उमरिया।** होली का पर्व तथा ईद उल फितर का पर्व मनाने हेतु अमरपुर चौकी में शांति समिति की बैठक सपन्न हुई । बैठक में अमरपुर चौकी प्रभारी सत्यदेव यादव एवं शांति समिति के सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से होली एवं ईद उल फितर का त्यौंहार आपसी भाईचारे के साथ मनानें की अपील की । आपने कहा कि होलिका दहन खंभों के नीचे नही करें । होलिका दहन के लिए हरे भरे वृक्षों को नही काटे, बल्कि कंडों की होलिका जलाएं । जबरन किसी पर रंग नही डाले। होलिका दहन के लिए जबरन चंदा वसूली नही करें।

## ग्रीष्मकालीन मूंग लगाते समय रखें विशेष सावधानी

**उमरिया ।** उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग का रकबा लगभग 5000 हेक्टेयर है। जिले के किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग की विभिन्न किस्मों के माध्यम से उत्पादन लिया जाता है। जिसमें किसानों के द्वारा फसल में आने वाली कीटव्याधि के नियंत्रण हेतु लगभग 4 से 5 बार कीटनाशक दवाओं का स्प्रे किया जाता है। साथ ही फसल को जल्दी पकाने हेतु विशेष कीटनाशक गिलाईफोसेट या पैराक्वाईड या डायक्वाईड नामक दवाओं का स्प्रे किया जाता है। दवाओं के छिडक़ाव से वातावरण एवं मूंग के दानों में हानिकारक प्रभाव डालने वाले अंश आ जाते हैं, जिसके कारण वर्तमान में विभिन्न प्रकार की बीमारियां आ गई हैं। अधिकतर मानव शरीर कैंसर नामक बीमारी से ग्रसित है। कृषि विभाग ने उमरिया किसानों से अपील की है कि ग्रीष्मकालीन मूंग उत्पादन करते समय कीट व्याधि के नियंत्रण हेतु रासायनिक कीटनाशक दवाओं का उपयोग कम से कम कर जैविक कीटनाशक का उपयोग करें साथ ही फसल को जल्दी पकाने वाली कीटनाशक दवाओं का उपयोग कतई न करें।

## गाली गलौज करने व धमकी की शिकायत दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत बरगवां गांव में रहने वाले कमलेश को गांव के ही समाहरू, लवकुश एवं एक अन्य व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में गाली गलौज करने व धमकी देते हुए अभद्रता किए जाने को लेकर थाने में शिकायत की गई है। पुलिस के द्वारा मामले को लेकर दोनों पक्षों के कथन दर्ज करा रही है।

## फिर हुआ दो पहिया वाहन पार, 4 चोरियों ने खड़े किए सवाल

*कोतमा।* कोतमा नगर में वाहन चोर गिरोह तेजी से सक्रिय है जो की आए दिन दो पहिया वाहनों की चोरी कर रहा है। पिछले एक सप्ताह के अंदर हुई 4 चोरियों ने पुलिस गस्त एवं उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे है। चोरी के नए मामले में रविवार बाजार के दिन रेलवे स्टेशन में खड़ी रेलवे कर्मचारी संजीव कुमार की दो पहिया गाड़ी सीजी 16 सीजे 0813 को अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दिया गया।चोरी की शिकायत थाना में किए जाने पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी की धारा में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। पिछले एक सप्ताह के अंदर चार चोरियों की वारदात से व्यापारी एवं नागरिकों को सकते में में ला दिया है। हाल में ही एक नए मकान से 50 हजार की लोहे की सामग्री सहित बुढ़ानपुर रोड के 2 घरों में ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। सभी चोरियों में पुलिस के हाथ खाली बताए जा रहे हैं।

### चीतलों की मौत पर प्रबंधन ने की लीपापोतीः बांधवगढ़ का मामला

# वन प्राणियों की हत्याः सीएम हेल्प लाईन में गोल-मोल जवाब देकर बंद करायी थी शिकायत




**उमरिया।** जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में शासकीय वाहन में संदिग्ध परिस्थितियों में ले जाते हुए मरे चीतलो की वीडियो बीते माहों में वायरल हुआ था और कुछ वन्य जीव प्रेमियों द्वारा वीडियो को संज्ञान में लेने के लिए टाइगर रिजर्व मुख्यालय तक शिकायत भी दर्ज कराई थी, किंतु स्थानीय अधिकारियों के प्रभाव के चलते मामले को दबा दिया गया था, किंतु बांधवगढ़ की छवि अपने आप में एक निराली है, किसी वन प्रेमी ने वन प्राणियों की हुई हत्या का मामला सीएम हेल्प लाईन में दर्ज करा दिया था, लेकिन बांधवगढ़ प्रबंधन ने गोल-मोल जवाब सीएम हेल्प लाईन में दर्ज करा, शिकायत को बंद कर दिया गया।

### लापरवाही या मिली भगत

टाइगर रिजर्व में मृत्यु चीतलों को बाघों के भोजन के लिए मगधी जोन के बने एंक्लोजर में रखे बाघों के लिए भेजा गया, लेकिन इस जवाब में यह कहीं उल्लेख नहीं किया गया कि आखिर चीतलों को किसने मारा और किसने मरवाया, आश्चर्य की बात तो यह है कि प्रबंधन जिस कार्यवाही का हवाला दे रहा है, वह न्याय संगत ही नहीं है, कुल मिलाकर बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व में आये दिन मूक जानवरों की मौत हो रही है, कहीं न कहीं प्रबंधन की लापरवाही या मिली भगत से यह पूरा खेल चल रहा है।

### एक्ट का किया उल्लंघन

चीतलों की मौत के दौरान बांधवगढ़ प्रबंधन की जिम्मेदारी तत्कालीन सीसीएफ लखन लाल देख रहे थे, किंतु समस्त ऑफ रिकार्ड उपसंचालक पी.के.वर्मा पूरे क्षेत्र का संचालन किया जा रहा था, उक्त मामले में वाइल्ड लाइफ प्रोटक्शन एक्ट धारा 12 का उल्लंघन किया गया है, ऐसे अधिकारियों को तुरंत निलंबित कर उनके ऊपर भ्रष्टाचार अधिनियम वन्य जीव अधिनियम धारा के तहत कार्यवाही होनी चाहिए, जिससे बेजुबान वन्य प्राणियों को न्याय मिल सके और आगे कोई भी जिम्मेदार ऐसा कार्य न करें।

### यह किया अधिकारियों ने

बीते माहों में चीतलों वाले वीडियो के बारे में डिप्टी डायरेक्टर ने कहा था कि हमनें शिकायतकर्ता से कहा है कि वीडियो व्हाट्सएप में आया है। हमको वीडियो ओरिजिनल सर्टिफिकेट के साथ प्रस्तुत करें। हम इस मामले की जांच कर रहे हैं। ये वीडियो कब का है, न ही कोई डेट दिख रहा है, न बांधवगढ़ का कोई व्हीकल दिख रहा है। इसके साथ ही बांधवगढ़ का कोई कर्मचारी भी नहीं दिख रहा है। हालाकि जब सीएम हेल्प लाईन में जवाब देने की बारी आई तो, सीएम हेल्प लाईन में यह जवाब दिया गया कि पूर्व में उक्त प्रकरण की जांच उप वनमण्डलाधिकारी धमोखर द्वारा की गई, जिसमें गवाहों के बयान दर्ज किये गये, पूर्व में बहेरहा एन्क्लोसर में रखे बाघों के लिए उक्त चीतलों को भेजा जाता था, किन्तु मृत चीतलों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना नहीं देने से जांच प्रतिवेदन के आधार पर परिक्षेत्र सहायक का एक वेतन वृद्धि रोकने एवं परिक्षेत्र अधिकारी धमोखर को परिनिंदा से दंडित कर प्रकरण समाप्त कर दिया गया। हालाकि चर्चा यह भी है कि अगर वन्य जीव की मौत के बाद जिम्मेदारों पर ऐसी कार्यवाही होती है तो, शिकारियों को पकडऩे के बाद ढोल पीटकर राजधानी तक ढपोल शंख आखिर क्यों बजाये जाते है, उन्हें भी ऐसी छोटी-मोटी धाराओं के तहत आखिर क्यों नहीं छोड़ा जाता।

### मजबूत करना होगा खुफिया विभाग

वन क्षेत्रों से सटे ग्राम में वन विभाग को खुफिया तंत्र मजबूत करना होगा। इससे समय-समय पर पुख्ता जानकारी मिलेगी। ग्रामीण वन में विचरण करते रहते हैं और उन्हें सटीक जानकारी भी रहती है। इसके अलावा वन विभाग को पेट्रोलिंग बढ़ानी चाहिए। यह भी देखना होगा कि जमीनी स्तर पर पेट्रोलिंग हो रही है या केवल कागजों में दिख रही है। मानिटरिंग सही होगी तो वन्य प्राणियों के मौत का सिलसिला रूक जाएगा। हालाकि प्रबंधन द्वारा बीते दिनों चीतलों की मौत के बाद जिम्मेदारों पर की गई कार्यवाही से कई सवालों ने जन्म ले लिया है कि आखिर प्रबंधन चीतलों की मौत के पीछे खड़े व्यक्ति को आखिर क्यों बचा रहा है।

# पंजीयन दस्तावेजो के पंजीयन के दर का हुआ निर्धारण



कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में किया गया अनुमोदन

उमरिया। मप्र बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों के नियम के तहत जिले में उप खंड स्तर से स्थावर संपत्तियों के पुनरीक्षित बाजार मूल्य वृद्धि प्रस्ताव का कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में संपन्न जिला मूल्यांकन समिति द्वारा अनुमोदन कर दिया गया है । बैठक में वन मंडलाधिकारी विवेक सिंह, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण जी आर गायकवाड, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दिनेश मर्सकोले, नगर पालिका उमरिया के प्रतिनिधि सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

जिला पंजीयक एवं जिला संयोजक पंकज कोरी ने बताया कि पंजीबद्ध दस्तावेजों जहां अधिक बाजार मूल्य पर दस्तावेजों का पंजीयन हुआ है तथा पंजीयन विभाग के मुख्यालय व्दारा उपलब्ध कराए गए अनुमानित प्रस्तावित वृद्धि का परीक्षण करनें के पश्चात जिले में कुल 355 लोकेशन में प्रस्तातव प्रस्तुकत किया गया था जिसमें से शहरी लोकेशन 50 तथा ग्रामीण लोकेशन 355 है ।

जिला पंजीयक ने बताया कि जिले में तहसील बांधवगढ में 51 लोकेशन में , बिलासपुर में 16 लोकेशन मे, चंदिया तहसील में 59 लोकेशन, करकेली तहसील में 29 लोकेशन में, मानपुर तहसील में 122 लोकेशन में , नौरोजाबाद तहसील में 37 लोकेशन में तथा पाली तहसील में 41 लोकेशन में वृध्दि प्रस्तावित की गई है । लोकेशन का निर्धारण कम से कम तीन पंजीकृत दस्तावेजों एवं न्यूनतम 2 से अधिक मूल दस्तावेजो पर पंजीयन के पश्चात किया गया है तथा रोड एवं रोड के अंदर की दरों में युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही की गई है ।

# चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने भारत निर्वाचन आयोग करेगा बातचीत

### राजनीतिक दलों से अनिराकृत मुद्दों के लिए मांगे सुझाव

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग ने कानूनी ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों की 30 अप्रैल, 2025 तक जानकारी मांगी है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है।

चुनाव प्रकिया से संबंधित 28 हितधारक हैं, जिसमें राजनीतिक दल एक प्रमुख हितधारक है। जिन्हें संविधान और वैधानिक ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता दी गई है।

आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को जारी किए गए पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

# होली पर्व की जिला प्रभारी मंत्री ने दी बधाई

उमरिया।

प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने जिलेवासियों को रंगो के त्यौहार होली एवं धुड़ेरी पर्व की शुभाकामनाएं दी है। उन्होने होली का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है । साथ ही होली पर्व मे पानी का दुरूपयोग नही करनें तथा प्राकृतिक रंगो एवं गुलाल से होली मनाने की अपील की है।

### अधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने जिलावासियो को रंगो के त्यौहार होली की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश मे कहा है कि होली का त्यौहार हम सबको भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश देता है। साथ ही हमे प्रकृति के संरक्षण के लिए हरे भरे पेड़ों की सुरक्षा तथा रासायनिक रंगों का उपयोग नही करने का संकल्प लेना चाहिए। जिला प्रशासन ने जिलावासियों से उमरिया जिले की परंपरा के अनुरूप उत्साह एवं उमंग के साथ आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के वातावरण मे यह पर्व मनानें की अपील की है। अपील के माध्यम से अनजाने व्यक्तियों पर रंग गुलाल आदि नही डालने , नशों से दूर रहने तथा स्वयं , परिवार तथा समाज की सुरक्षा को ध्यान मे रखकर ही होली का त्योहार मनाने की अपील की है।

# जिला जेल का न्यायाधीश द्वारा किया गया निरीक्षण



**उमरिया।** जिला जेल उमरिया का न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरफराज खान व्दारा निरीक्षण किया । इस अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। बंदियों को जमानत के संबंध में विस्तार से प्रक्रिया एवं आवेदन पत्र प्रस्तुत करने तथा एक बार जमानत निरस्त हो जाने पर पुनः जमानत आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया एवं शर्त की जानकारी दी । बंदियों व्दारा अपने प्रकरण में पेशी दिनांक एंव अधिवक्ता तथा वर्तमान स्थिति के बारे मे जानकारी पूछी गई । इस अवसर पर जेल अधीक्षक डी के सारस, जेलर, उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को, वारंट शाखा प्रभारी , प्रहरी मो0 शारिब एवं ड्युटीरत मुख्य प्रहरी तथा जेल के समस्ता अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# धरती आबा कार्यक्रम के लिए अधिकारी बनायें कार्य योजनाः कलेक्टर

उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जन जातीय क्षेत्र के समुचित विकास , अधोसंरचनात्मक सुविधाएं उपलब्ध करानें की दिशा में भारत सरकार व्दारा अभिनव पहल कर धरती आबा कार्यक्रम क्रियान्वित की जा रही है । योजना का उद्देश्य जन जातीय वर्ग के लोगों को मूल भूत सुविधाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, आवागमन मार्ग, बिजली, शुध्द पेयजल, पषु पालन, कृषि, मत्स्य पालन, उद्यानिकी , आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी । साथ ही जन



जातीय संस्कृति , कला तथा उनके व्यंजनों को संरक्षित एवं सवंर्धित किया जाएगा ।

सभी विभागीय अधिकारी इस दिशा में प्रयास कर अपने विभाग से संबंधित कार्य योजना तैयार कर नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को सौंपे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## हायर सेकेण्डरी की संस्कृत विषय की परीक्षा संपन्न

**उमरिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी की परीक्षा में संस्कृत विषय की परीक्षा जिले के 14 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। परीक्षा में कुल दर्ज 244 परीक्षार्थियों में से 237 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी वहीं 7 परक्षार्थी अनुपस्थित रहे । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन में जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण दलों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी मण्डल परीक्षा अभय सिंह द्वारा मण्डल के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्नपत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केन्द्र तक ले जाने व परीक्षा केन्द्र में मोबाईल एप के माध्यम से किये जाने वाले कार्य की मॉनीटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की ओर भेजने के निर्देश दिये गये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मण्डल परीक्षा से संबंधित समस्त गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुये निरंतर सभी कार्यों की मॉनीटरिंग प्रतिदिन की जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी व ए.पी.सी. विनीत कुमार के.व्ही. द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. उत्कृष्ट मानपुर , अषा0 सरस्वती उमावि मानपुर, शासकीय उमावि गोवर्दे एवं शा उमावि नौगवां का निरीक्षण किया गया। परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी। परीक्षा में किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुये। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पायी गयी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों पर 144 धारा लगाने के फलस्वरूप बाहय भीड़ एवं असमाजिक तत्वों की भीड़ नहीं दिखाई दी। परीक्षायें शांति पूर्ण संचालित पायी गयी ।

# राजनगर में कोयला मजदूरों की विशाल आमसभा 24 मार्च को

### रमेंद्र कुमार पूर्व सांसद राष्ट्रीय अध्यक्ष एटक होंगे मुख्य वक्ता



**राजनगर।** राजनगर के शहीद भगत सिंह चौक पर 24 मार्च 2025 को शाम 4 बजे संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) के छठवें सम्मेलन के अवसर पर एक विशाल आमसभा का आयोजन किया जाएगा। इस सभा में देश के प्रमुख मजदूर नेताओं द्वारा श्रमिक वर्ग के अधिकारों और वर्तमान परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी इस आमसभा में पूर्व सांसद एवं एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष का. रमेन्द्र कुमार, एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का. विद्यासागर गिरी और का. हरिद्वार सिंह, कल्याण बोर्ड कोल इंडिया के सदस्य का. अशोक यादव तथा एस.के.एम.एफ (एटक), एस.ई.सी.एल. के केंद्रीय अध्यक्ष का. अजय विश्वकर्मा सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहेंगे आयोजकों के अनुसार, वर्तमान समय में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को निजी हाथों में सौंपने की प्रक्रिया तेजी से बढ़ रही है। रेलवे, हवाई अड्डा, तेल कंपनियां, भेल और कोयला क्षेत्र जैसे बड़े संस्थानों को सरकार द्वारा निजी कंपनियों के हाथों में दिया जा रहा है, जिससे मजदूरों के हितों पर खतरा मंडरा रहा है सभा में विशेष रूप से हाल ही में लागू किए गए 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर लाए गए चार नए लेबर कोड पर चर्चा होगी, जिससे मजदूर संगठनों को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। इन नीतियों के कारण आंदोलन करना और ट्रेड यूनियन बनाना कठिन होता जा रहा है। संयुक्त कोयला मजदूर संघ (हसदेव क्षेत्र) ने सभी कोयला मजदूरों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर देश के मौजूदा हालात और मजदूरों के हितों पर चल रही गतिविधियों से अवगत हों। आइए, इस महत्वपूर्ण आमसभा में भाग लें और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट हों।

# विश्वास क्लीनिक ने कोतमा इस्लाम गंज में खोली अवैध क्लीनिक की दुकान

### जैतहरी क्षेत्र में अवैध क्लीनिक सील होने के बाद कोतमा मे गडी नजर




**कोतमा।** कोयलांचल क्षेत्र झोलाछाप डॉक्टरों की शरण स्थली बनकर रह गई है। कोतमा नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर यह झोलाछाप डॉक्टर अवैध क्लीनिक खोलकर हर मर्ज का इलाज करने की बात करते हैं। कुछ दिनो पूर्व कोतमा नगर के एक आवाज क्लिनिक संचालक के खिलाफ पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया था। जैतहरी क्षेत्र में अवैध क्लीनिक सील होने के बाद अब विश्वास क्लीनिक संचालक ने अपना बोरी बिस्तर बांधकर कोतमा इस्लाम गंज में अवैध क्लीनिक संचालित कर रहा है। रविंद्र राठौर जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जैतहरी, अनूपपुर ने विश्वास क्लिनिक जो जैतहरी में अवैध संचालित थी उसकी शिकायत उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को अवैध विश्वास क्लिनिक के विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था उसके बाद जिला प्रशासन कुंभकर्णी नींद से सोकर जागा और अवैध विश्वास क्लिनिक को जैतहरी में सील कर कार्यवाही की गई किंतु विश्वास क्लिनिक संचालक जैतहरी का अवैध क्लिनिक पर ताला लगने के बाद कोतमा इस्लाम गंज में अवैध क्लिनिक खोलकर सभी बीमारियों का इलाज करने का दावा कर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। जिला प्रशासन ऐसे अवैध क्लिनिक पर लगाम लगाएं अन्यथा कभी भी कोतमा नगर एवं कोयलांचल क्षेत्र के जमुना कालरी जैसी अनहोनी मरीजों के साथ हो सकती है।

# महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय में 15 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण का शुभारम्भ

**कोतमा।** उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन के उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. सेडमैप के सहयोग से शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय कोतमा में छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराते कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण की शुरुआत में पी.एम उषा कंपोनेंट 5 के नोडल अधिकारी पी बोस्को लकडा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत लिंग समानता और समावेश घटक अंतर्गत महिलाओं की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार महिलाओं की समानता का अधिकार, महिलाओं के लिए नवाचार कौशल व रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना है। जिससे वंचित महिलाओं को अग्रणी बनाया जा सके। इस संबंध में महाविद्यालय में 50 छात्राओं को कराते का प्रशिक्षण चेडनैप की ओर से दिया जा रहा है।



प्राचार्य डॉ. व्ही. के. सोनवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम से छात्राएं आत्मरक्षा के गुर सीखकर अपनी रक्षा कर सकेगी। वह अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक हो सकेगी। उन्होंने छात्राओं को पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की। रोडमैप संयोजक राजेश वर्मा ने बताया कि जूडो कराते में मानव शरीर पंच स्लोंक और किक की तकनीकों के जरिए आत्मरक्षा के सबसे प्रभावशाली तरीको को सिखाता है। यह किसी व्यक्ति के तन और मन दोनों को संतुलित करता है। प्रशिक्षण के बाद सभी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेगे। डॉ अमित निगम वाणिज्य ने सभी छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए लगातार प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। ऐसे अवसरो का लाभ लेने की बात कही। जिससे वह विपरीत परिस्थितियों में अपनी रक्षा कर सकेगी। प्रशिक्षण का संचालन प्रो. बोश्को लकड़ा ने किया। कार्यक्रम में डॉ. अनीता तिवारी, डॉ अमित निगम प्रो जबेंदितुम लकडा, डॉ. आकांक्षा पाण्डेय, डॉ. नीलम मिश्रा, डी चेतना शर्मा, प्रो. राकेश गर्ग, डॉ. सुरेश कुमार चौधरी, सुश्री कृति मरावी एवं अन्य सहायक प्राध्यापक एवं अधिकारी कर्मचारी एवं छात्र छात्राएँ मौजूद रहे।

# थाना अमरकंटक में होली पर्व पर शांति समिति की बैठक संपन्न

**अमरकंटक।** थाना अमरकंटक नायब तहसीलदार कौशलेंद्र मिश्रा के अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमें होली पर्व को अमरकंटक में सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए व बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं पर्यटकों व तीर्थ यात्री यों को किसी भी तरह कोई परेशानी ना हो थाना प्रभारी अमरकंटक बहादुर लाल तिवारी ने समस्त नगर वासियों से अपिल किया है कि अमरकंटक के गरिमा को बनाए हुए उस गरिमा के साथ होली पर्व को मनाए तथा जन प्रतिनिधियों के द्वारा अन्य विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया



कार्यक्रम में विशेष रूप से नगरपरिषद अमरकंटक के उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम पटवारी अश्विन तिवारी दिनेश द्विवेदी जोहन लाल चंद्रवंशी सुखनंदन सिंह महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष शिव कुमारी शुक्ला एवं नगर परिषद अमरकंटक से मेघा सिंह भगवान दास व पुलिस विभाग के समस्त कर्मचारी गण पत्रकार गण उमाशंकर पाण्डेय मुन्नू विपुल बरमैय्या उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

### होली और रमज़ान को दृष्टिगत रखते हुए निकाला गया पैदल मार्च

**मानपुर।** होली पर्व एवं रमजान को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी ने दल-बल के साथ नगर परिषद मानपुर से पैदल मार्च निकाला। जिससे कानून व्यवस्था बने रहने के साथ ही समाज में आपसी भाईचारा और समरसता को बढ़ावा मिले। त्योहारों के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। पैदल मार्च के माध्यम से थाना प्रभारी ने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और गणमान्य व्यक्तियों से संवाद किया और शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। पैदल मार्च के दौरान पुलिसकर्मियों ने संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया और किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने का संकल्प लिया। स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि त्योहारों को सुरक्षित और उल्लासपूर्ण बनाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की कि वे अफवाहों से बचें, आपसी भाईचारा बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### होली की तैयारी जोरों पर, बडों के साथ बच्चों में भी खुमार






कोतमा

होली का पर्व दो दिन बाद है। इससे पिचकारी और रंग गुलाल का मार्केट सच चुका है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली वाटर टैंक पिचकारी डांल कार और यूएफओ खास है वही बेलन और हथोड़ा डिजाइन में भी पिचकारी आई है जो बच्चों को खूब भा रही है। माहौल में होली का रंग नजर आने लगा है। बच्चे बड़े हर किसी को अपने अंदाज में होली सेलिब्रेट करनी है इसके लिए थीम बेस्ड पार्टी के लिए लोग व्हाइट एवं कलर स्लोगन शर्ट ले रहे हैं तो वही इस बार भी कैरेक्टर और होरर मास्क की डिमांड देखने को मिल रही है ।

#### होली प्रिंट शर्ट भी होगी खास

टी-शर्ट में हैप्पी होली होली कब है भाई बुरा ना मानो होली है रंग बरसे जैसे कोटेशन लोगों को आकर्षित कर रहे हैं बाजार में तरह-तरह की होली प्रिंट शर्ट उपलब्ध है जो भी बड़े और बच्चे शौक से खरीद रहे हैं इससे होली प्रिंट शर्ट पहनकर थीम पार्टी करने को भी लोग तैयार है । इसके लिए तरह-तरह की प्लानिंग की जा रही है । होली पर लोगों को मुखौटा पहनना अच्छा लगता है । मार्केट में बच्चे मुखोटे की तरफ ज्यादा आकर्षित दिख रहे हैं । इसमें विभिन्न कैरेक्टर और हॉरर मुखोटे शेर चीता आज की मांग ज्यादा है । और बच्चे इसे शौक से खरीद रहे हैं । होली में मुखोटे से रंग खेलने का मजा दोगुना हो जाता है ।

#### कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारी

बाजार में तरह-तरह की पिचकारी उपलब्ध है इसमें बच्चों की पहली पसंद है मिक्की माउस यूनिकॉर्न डोरेमोन स्पाइडर-मैन शिन-चेन और चंद्रयान वाली पिचकारी बच्चे इन पिचकारी को बड़े ही शौक से खरीद रहे हैं और इस पिचकारी के साथ फोटो शूट कर रहे हैं। पुराना अस्पताल के पास निवास करने वाली बच्ची अक्षिता ताम्रकार का कहना है कि दो दिन बाद होली का त्यौहार आने वाला है और मैं होली के त्यौहार में खूब मस्ती करने के मूड में हूं मुझे शुरू से ही होली का त्योहार पसंद है और मैं होली प्रिंट शर्ट खरीद कर इसे और भी खास बनाऊंगी । मैं चेहरे को मुखोटे से ढक कर रंग खेलूंगी घर परिवार के साथ मिलकर होली खेलूंगी और इस दिन को यादगार बनाऊंगी। नगर के आजाद चौक के निवास अंश अग्रवाल ने कहा कि मुझे हर मुखोटे ज्यादा पसंद है इसको पहन कर मैं होली के त्यौहार में सबको रंग डालता हूं और उनको रंग लगाता हूं इससे मुझे बहुत खुशी होती है और हम लोग सभी रंगों के पर्व को मिलकर एंजॉय करते हैं । मुखौटा ना हो तो होली कुछ अधूरी सी लगती है । मैं अभी से बाजार जाकर रंग अबीर गुलाल स्प्रे मम्मी पापा से खरीददारी करवाऊंगा।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में 14 मार्च को होली मिलन समारोह

# इस वर्ष भी अबीर, गुलाल, फूलों की होगी परंपरागत होली

श्रीराधा कृष्ण मंदिर परिसर में 14 मार्च को होली का त्योहार मनाने को लेकर मंदिर परिसर में हिंदू धार्मिक संस्था के अध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, महामंत्री एस पी सिंह ने बताया की वर्षों से चली आ रही

धनपुरी।







इस परंपरा के साथ नगर के सभी गणमांय नागरिक होली का त्योहार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास धूमधाम से मनाने जाने को लेकर मन्दिर परिसर में सुबह 10 बजे से होली मिलन समारोह का कार्यक्रम रखा गया है जहां नगर के सभी नगर वासी होली का त्यौहार मनाने के लिए एकत्र होंवे फिर एक दूसरे गुलाल अवीर लगाकर गले मिलते , आर्शीवाद लेते का सिलसिला के साथ हर्षोल्लाह साथ होली मनाऐडीजे धुन के बीच होली दोपहर तक निरंतर चलेगी, सर्वप्रथम श्री राधा कृष्ण जी की प्रतिमा पर अबीर पुष्प की होली खेली जाएगी इस कार्यक्रम को लेकर हिंदू धर्म संस्था के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद खंडेलवाल ने कहां की है जो परंपरा श्री राधा कृष्ण मंदिर में होली खेलने की चली आ रही है उसे निरंतर जारी रखा जाएगा और हमेशा कुछ ना कुछ नया करने की कोशिश की जाएगी उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे से लोग मंदिर में आना शुरू हो जाते हैं जो निरंतर दोपहर तक चलता रहेगा अधिक से अधिक संख्या में नगरवासियो को मंदिर होली को लेकर पहुंचने की जन अपेक्षा लोगों से की है. होली मे मुंह मीठा, नमकीनश्रीराधा कृष्ण मंदिर परिसर में इस बार भी होली त्यौहार के दिन मंदिर में होली के पुराने गीत आज ना छोड़ेंगे बस हम होली खेलेंगे हम होली डीजे की धुन पर भक्त नाचते नजर आएंगे और साथ में उन्हें मोतीचूर के लड्डू आलू बंडा अन्य पकवान गर्म गर्म वितरण किया जाएगा यह व्यवस्था समिति के द्वारा तैयारी की जा रही है.रंग बिरंगी अवीर गुलाल सजेगी थाल श्री राधे कृष्ण मंदिर परिसर में रंग बिरंगी तरह-तरह के रंग थाल में परोसे जाएंगे जो अपने मनपसंद रंगों से जी भर कर होली खेले और अपने गिला शिकवा अबीर गुलाल लगाकर सब भुलाकर एक रंग में रंग जाए यही है होली का त्यौहार मंदिर परिसर में पहुंचकर होली का आनंद उठाएं .सच गई पिचकारी की दुकाने बदलते समय के अनुसार होली में रंग पिचकारी का स्वरूप भी बदल गया है पहले जहां कुछ अमीर अमीर रंग पिचकारी से काम चल जाता था वहीं अब बदलते फैशन वा बच्चों के मनपसंद कार्टून की पिचकारी या मास्क टोपी पहनावा मुखौटा बनावटी बाल वाकई तरह की पिचकारी आरंग बाजार में नजर आ रही है व्यापारी भी मुख्य रूप से बच्चों को आकर्षित करने वाले आइटम अधिक लाते हैं इनमें बेन टेन छोटा भीम टॉम एंड जेरी जैसी डिजाइन की पिचकारिया मुखौटा मुख्य रूप से बिक रहे हैं लोगों का मानना है कि नकली बाल लगाने से नया लुक रहता है वहीं लोगों बालों को भी कम नुकसान पहुंचता है बाज ढके रहते हैं चेहरे मार्क्स मुखड़ा लगाने से कोई पहचान नहीं पाता और चेहरे भी सुरक्षित रहता है बाजार में तरह-तरह की कई दुकाने रंग गुलाल पिचकारी दिखने लगे।

# बांधवगढ़ नेशनल पार्क का बच्चों ने किया भ्रमण



उमरिया

जन शिक्षा केन्द्र उमरिया बकेली के प्रभारी मनीलाल द्वारा बांधवगढ़ नेशनल पार्क में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बमेरा और शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कसेरू विद्यालय के बच्चों को भ्रमण कराया गया । भ्रमण के दौरान बच्चों को जन शिक्षा केंद्र उमरिया बकेली द्वारा वन के वन्य जीवों के बारे में बताया गया । बच्चों को हिरण, नीलगाय, सांभर, चीतल ,मोर जंगली भैसा , दिखाया गया जिससे सभी बच्चों में बहुत उत्साह था । इस अवसर पर रेंजर अर्पित मेराल , वन परिक्षेत्र अधिकारी पतौर , वन रक्षक वीरेंद्र पटेल, प्रधानाध्यापक बमेरा शोभनाथ प्रजापति, प्रधानाध्यापक प्रियांशी झारिया, अनिता सिंह,देव प्रकाश गौतम, शिवप्रकाश गुप्ता, शैलेश गुप्ता एंव सभी वन कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीएससी नर्सिंग का निरंतर दूसरी बार परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

# शिवानी पैरामेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत सभी छात्र हुए उत्तीर्ण




**शहडोल।** शिवानी पैरामेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष सत्र 2021-22 के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परीणाम मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के द्वारा घोषित हुआ, जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत बी.एस.सी नर्सिंग प्रथम वर्ष के समस्त विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट रहा । महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिस्पर्धात्मक रूप से अध्ययन करते हुए उत्कृष्ट अंक अर्जित किए और महाविद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विदित हो कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के संज्ञान में लेने के बाद सत्र 2020 से रूकी हुई परीक्षाएं संपन्न हुई। सत्र 2021-22 बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की परीक्षायें माह सितंबर 2024 में म.प्र. आयु. वि. वि. जबलपुर द्वारा संपन्न कराई गई थी, जिसमें विद्यार्थी पूर्ण मनोयोग और निष्ठा के साथ परीक्षा में शामिल हुए और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। महाविद्यालय में अध्ययनरत सत्र 2021-22 बी. एस. सी नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्रा हेमपुष्पा ने 78.80 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, छात्रा जानकी देवी ने 78.10 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा छात्रा लक्ष्मी सिंह ने 78.00 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान अंक अर्जित कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक डॉ. डी. के. द्विवेदी ने बताया कि इस कॉलेज में नर्सिंग का यह दूसरा बैच था। प्रथम बैच सत्र 2020-21 का परीक्षा परिणाम माह दिसम्बर 2024 में आया था, जिसमें सभी छात्र-छात्रायें शत-प्रतिशत उत्त्तीण हुये थे और यह दूसरा बैच सत्र 2021-22 का भी 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देखकर हम समस्त संस्थाजन बहुत खुश और गौरवाविन्त महसूस कर रहे हैं। संस्था के निदेशक ने इस सतत 100 प्रतिशत सफलता के लिये पूरा श्रेय संस्था के सभी नर्सिंग फैकल्टी श्रीमती मंगला श्रीवास, सुनील प्रजापति, प्रतिमा विश्वकर्मा, रामेश्वर प्रजापति, प्रीति विश्वकर्मा, यास्मीन बी, दीपांजलि पटेल, पूजा कुशवाहा, रमा सिंह परस्ते, करीना चौधरी, खुशबू सोनी, सीता पनिका, काजल पॉल, अर्चना सिंह, अनुराधा सोनी, नैना कोल इत्यादि को दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिये गौरव का क्षण है। परीक्षा परिणाम देखकर महाविद्यालय परिवार और सभी विद्यार्थियो में खुशी की लहर है ।

# जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में पीएम श्री 1.4 कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण संपन्न

अमरकंटक। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, अमरकंटक में पीएम श्री 1.4 कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 7 दिवसीय व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 मार्च से 12 मार्च तक आयोजित हुआ, जिसमें कक्षा 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आधुनिक तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा का परिचय कराना था, जिससे छात्र तकनीकी कौशल में निपुण हो सकें।




#### कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत 6 मार्च को विद्यालय के मल्टीपरपज हॉल में दोपहर 3:15 बजे हुई। इस अवसर पर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार राय ने CTTC संस्था से आए हुए प्रशिक्षकों का स्वागत करके कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और उन्हें इस प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण की विस्तृत कार्य योजना पेश की गई, जिसमें श्री शक्तिपद महापात्र द्वारा IoT का प्रशिक्षण , श्री अशोक कुमार बल द्वारा robotics का प्रशिक्षण , श्री उत्कश कुमार दाश द्वारा 3D printing का प्रशिक्षण और श्री निर्मल कुमार साहू द्वारा AIML का प्रशिक्षण देना निश्चित हुआ। इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. ए. के. शुक्ला ने आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। कक्षा 9वीं के छात्रों को दो प्रमुख विषयों रोबोटिक्स और 3D प्रिंटिंग की ट्रेनिंग दी गई। कक्षा 9वीं ए के छात्रों को रोबोटिक्स की ट्रेनिंग दी गई, जिसमें उन्हें बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स, डीसी मोटर, ड्राइविंग सिस्टम, अल्ट्रासोनिक सेंसर और आईआर सेंसर की प्रोग्रामिंग सिखाई गई। इस प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने रोबोट को विभिन्न कार्यों के लिए प्रोग्राम किया और एक प्रदर्शनी में अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। इस प्रशिक्षण में अद्विक शेखर, आकृति प्रजापति, अनमोल वर्मा, अनुराधा सिंह, आशीष कुमार पनिका, अस्तित्व सिंह, चंद्र कुमार, गौरव कुमार कोल, लखनी देवी, मोनिका नापित, ऋषभ प्रताप सिंह, शिवांश चौकसे, सृष्टि गुप्ता, तनिष्क धुर्वे, वैष्णवी यादव, मोहित मेहर, शुभम टांडी, स्वागत, रोशन कुमार और शिवनारायण ने हिस्सा लिया।

#### 3D प्रिंटिंग प्रशिक्षण

कक्षा 9वीं बी के छात्रों को 3D प्रिंटिंग की ट्रेनिंग दी गई, जिसमें CAD सॉफ्टवेयर, फ्यूजन 360 और स्लाइसिंग सॉफ्टवेयर की जानकारी दी गई। छात्रों ने 3D प्रिंटर का उपयोग करके मॉडल तैयार किए और अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। इस प्रशिक्षण में अभिनव साहू, अभिनवी सिंह, चंचल जायसवाल, मनीष कुमार राठौर, मयांश चौधरी, नम्रता सिंह, नंदिनी सिंह मार्को, प्रयाग सेन, सक्षम केसरवानी, सौरभ कुमार, शौर्य रैदास, शिवांगी यादव, शिवेंद्र मिश्रा, श्रद्धा गुप्ता, सुधांशु कुमार, अरमान नापित, आयुष्मान मेहर, प्रज्ञान परिणीता दास, सुश्री सुपर्णा मेहर और प्रियदर्शनी साहू ने भाग लिया।

#### कक्षा 11वीं के छात्रों को AI और IoT की गहन जानकारी

कक्षा 11वीं के छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) की गहरी जानकारी दी गई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की ट्रेनिंग के दौरान छात्रों को पायथन प्रोग्रामिंग, कंप्यूटर विजन और मशीन लर्निंग के बारे में बताया गया। छात्रों ने पायथन की लाइब्रेरी जैसे कि NumPy, Pandas और Matplotlib का उपयोग करना सीखा। इस दौरान छात्रों ने फेस डिटेक्शन और विजन आधारित प्रोजेक्ट तैयार किए। इस प्रशिक्षण में भव्य दत्ता, चंद्र विजय, कान्हा चंद्रा, कृष्णा सिंह, सत्यम मिश्रा, सत्यम राठौर, तनु जायसवाल, प्रतीक पटेल, गोपाल सिंह, आस्था प्रसाद, आदर्श चौधरी, भानु प्रताप सिंह, चंदन सिंह, निशा ठाकुर, अभिषेक पुरी, आर्यन चौधरी, सत्यम दुबे, राजनंदिनी और ओमकार महोबे ने भाग लिया।

#### IoT प्रशिक्षण

इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) के प्रशिक्षण में छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और उनके इंटरकनेक्शन के बारे में बताया गया। छात्रों ने IoT आधारित प्रोजेक्ट तैयार किए और क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग करके उन्हें संचालित किया। इस प्रशिक्षण में गुलशन सिंह, काजल साहू, नवीन सिंह, ओम कुमार द्विवेदी, रोबिन सिंह, शिवांश केसरवानी, युग बुंदेला, विकास प्रजापति, प्रशांत सिंह, लक्ष्मी देवी, कृतज्ञ विश्वकर्मा, आदित्य राठी, अनादि श्याम, अंजना मरावी, ईशा जायसवाल, निशांत कुमार, विराट वर्धन, भूमिका सेंगर, स्वाति सिंह, वर्षा पाटील, अंकित पनिका ने भाग लिया।

#### प्रशिक्षण का समापन और छात्रों का उत्साह

सात दिवसीय इस कार्यक्रम के समापन पर छात्रों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट का बड़े उत्साह पूर्वक शानदार प्रदर्शन स्कूल के मल्टीपरपज हॉल में, आदरणीय प्रधानाचार्य महोदय, स्कूल के समस्त स्टाफ और प्रशिक्षकों के समक्ष में किया। रोबोटिक्स, 3D प्रिंटिंग, AI और IoT के क्षेत्र में मिली इस ट्रेनिंग से छात्रों ने तकनीकी ज्ञान को गहराई से समझा और अपने प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक लागू किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य ने छात्रों के उत्साह और उनकी उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम से छात्रों को न केवल तकनीकी ज्ञान मिला, बल्कि उनमें रचनात्मकता और टीम वर्क की भावना भी विकसित हुई। छात्रों के उत्साह और सीखने की रुचि को देखते हुए भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है।

# कोतमा में शान्ति समिति की बैठक संपन्न



कोतमा।

कोतमा मंगलवार को थाना कोतमा में आगामी दिनों में पड़ने वाले पर्व होलिका दहन धुरेड़ी, रंग पंचमी, को शान्ति पूर्व मनाये जाने हेतु शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नपा अध्यक्ष अजय सराफ,एसडीएम अजीत तिर्की, एसडीओपी आरती शाक्य, तहसीलदार कोतमा ईश्वर प्रधान, टी.आई. सुन्दरेश सिंह, नपा उपाध्यक्ष वैशाली ताम्रकार, सीएमओ प्रदीप झरिया, पुष्पेंद्र जैन, हनुमान गर्ग, अशोक शर्मा, विजय शुक्ला, राजेश जैन, प्रदीप सोनी सहित अन्य लोग शामिल रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिको ने पर्वो के दौरान कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था, बिजली तारों के नीचे होलिका न जलाने को लेकर चर्चा की गई। होली पर्व पर शराब पीकर हुड़दंग कर आम नागरिको को परेशान किये जाने वालो पर कार्यवाही हेतु सुझाव दिया गया। आगामी पर्वो को शान्ति पूर्वक मनाये जाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा निर्देश दिया गया कि सार्वजनिक होलिका प्रतिमा को ऐसे स्थान पर रखे जिससे यातायात एवं आम लोगो का आना जाना बाधित न हो। समय पर होलिका दहन किया जाये। परीक्षाओ के मद्देनजर रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग न होगा, किसी प्रकार की अवैध चन्दा वसूली नहीं किया जाये। होली के दिन नदी, नाले एवं बावड़ी में नहाने ना जाएं। सोशल मीडिया में धार्मिक भावनाओ को भड़काने वाले मैसेज या पोस्ट नहीं डाले जाये न ही ऐसे मैसेज व पोस्ट को फारवर्ड किया जाये। किसी प्रकार से अफवाह ना फैलाया जाए।

## स्वच्छता जागरूकता के लिए रील प्रतियोगिता आयोजित

### रील बनाने वाले पांच सबसे अधिक वायरल रील को मिलेगा पुरस्कार

**शहडोल।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छता रील प्रतियोगिता लॉन्च की गई है, जिसका उद्देश्य प्रदेश में स्वच्छता एवं उससे जुड़े विषयों पर जागरूकता लाना और आमजन को इस अभियान से जोडना है। मध्यप्रदेश में कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय रील्स प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं, रचनाकर्मियों, और विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन से संबंधित विचारों और समाधानों को साझा करने के लिए प्रेरित करना है। मध्यप्रदेश में स्वच्छता रील प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी सुरक्षित अपशिष्ट निपटान से संबंधित वीडियो बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन कर सकते हैं। रील का विषय ''गीला सूखा कचरा को अलग-अलग रखो'', ''कचरे का दोबारा उपयोग करो'' और ''खुले में कचरा मत फैलाओ'' है। इनमें से किसी एक विषय पर आधारित रील्स को शेयर करने के लिए अपने वीडियो को शेयर करना होगा और उसके लिंक को वेबसाइट पर सबमिट करना होगा। पांच सबसे अधिक वायरल रील बनाने वालों को इनाम दिया जाएगा। जिनमें प्रथम स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को 2 लाख रुपये का पुरुस्कार, द्वितीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को 01 लाख रुपये का पुरुस्कार, तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को 50 हजार रुपये का पुरुस्कार दिया जाएगा तथा शेष दो प्रतिभागियों को 25 हजार रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## होली पर्व के मद्देनजर कलेक्टर ने शुष्क दिवस किया घोषित

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली ने गुरूवार 13 मार्च की रात्रि 11:30 बजे से शुक्रवार 14 मार्च (धुरेड़ी जिस दिन होली खेला जाएगा) को सायं 5:00 बजे तक के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान जिले में संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफ.एल.-3 एवं देशी मद्यभाण्डागार से मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः बंद रखा जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर ने आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि घोषित शुष्क दिवस अवधि के दौरान जिले में अवैध रूप से मदिरा के आयात-निर्यात, परिवहन, विनिर्माण, संग्रहण, क्रय एवं विक्रय इत्यादि न होने पाएं यह सुनिश्चित करें।

## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आज

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम, 2018 के नियम 4(2) के तहत गठित जिला मूल्यांकन समिति के सदस्यों द्वारा जिले की उप जिला मूल्यांकन समितियों अनूपपुर, कोतमा एवं पुष्पराजगढ़ द्वारा अनुमोदन उपरान्त जिले की स्थावर सम्पत्तियों के बाजार मूल्य अवधारण के लिये प्रेषित प्रस्तावों एवं अन्य विभागों/स्त्रोतों से प्राप्त सुझावों के विश्लेषण एवं अनुमोदन की कार्यवाही के लिये 13 मार्च 2025 को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कलेक्टर एवं जिला मुल्यांकन समिति के अध्यक्ष हर्षल पंचोली ने समिति के सभी सदस्यों को नियत समय पर बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## चौकी सरई थाना करनपठार की अवैध मादक पदार्थ गांजा के विरुद्ध बडी कार्यवाही



**राजेन्द्रग्राम।** चौकी प्रभारी सरई मंगला प्रसाद दुबे को 11.03.2025 के सायं मुखबिर के द्वारा सूचना मिली कि ट्रक क्रमांक UP 70 FT 9038 जिसमें तार के बंडल लोहा लोड है, उसी ट्रक में मादक पदार्थ गांजा का परिवहन किया जा रहा है। उक्त सूचना पर चौकी प्रभारी सरई मंगला प्रसाद दुबे के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के पश्चात पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पु) पुष्पराजगढ एवं थाना प्रभारी करनपठार के मार्ग दर्शन में अपने स्टाफ के साथ चौकी प्रभारी सरई मंगला दुबे थाना प्रभारी करनपठार को सूचना देते हुये अहिरगवां चौराहा मैन रोड में नाका बंदी किए जिसके कुछ देर बाद उपरोक्त ट्रक क्रमांक UP 70 FT 9038 आता दिखाई दिया जिसको रोका जाकर ट्रक के चालक एवं क्लीनर से नाम पता पूछा जाकर विधि अनुकूल कार्यवाही करते हुये उक्त ट्रक की तलाशी ली गई जिसमें तीन बोरे में कुल अवैध मादक पदार्थ गांजा 47.19 कि. ग्रा. पाया गया जिसकी कीमत लगभग 4,70,000 रू. तथा अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन कर रहे ट्रक में भरा तार का बंडल जिसकी कीमत 17,53,451 रू. एवं उक्त ट्रक जिसकी कीमत करीबन 50,00,000 रू. का जप्त किया गया जो कुल जप्त मसरूका की कीमत 72 लाख 23 हजार 451 रूपये है। ट्रक चालक आरोपी शीतला प्रसाद यादव पिता राम आसरे यादव उम्र 40 वर्ष नि. लोहगरा जिला प्रयागराज एवं ट्रक का क्लीनर अर्जुन पिता राम नाथ चौधरी उम्र 22 वर्ष नि. तिकान टोला शंकरगढ जिला प्रयागराज के कब्जे से विधि अनुसार कार्यवाही करते हुए ज़ब्त किया गया और आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय ज्यडीसियल रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे मुख्य रूप से सराहनीय भूमिका चौकी प्रभारी सरई मंगला प्रसाद दुबे की रही।

### पिछली बार 53 करोड़ की तुलना में इस बार 68 करोड़ में हुआ अनूपपुर जिले में शराब का ठेका

# हुई महंगी बहुत ही शराब कि थोड़ी-थोड़ी ...

**टीकमगढ़ के वीरेंद्र राय एंड कंपनी को मिली जिले की सभी दुकान, 28 प्रतिशत की बढोत्तरी बंद होने वाली शराब दुकानों के नुकसान की भरपाई चालू अन्य दुकानों से करेगी सरकार**





अनूपपुर।

जिले मे शराब दुकानों के ठेके की कार्यवाही विगत दिनों समाप्त हो गई जिसमे पिछली बार 53 करोड़ की तुलना मे इस बार 68 करोड़ में अनूपपुर जिले मे शराब का ठेका हुआ यानि इस बार का ठेका 28 प्रतिशत महंगा हुआ है जिससे जिला सहित प्रदेश मे 1 अप्रैल से शराब महंगी हो जायेगी। जिससे अब महंगी शराब मिलना संभव है। मध्य प्रदेश सरकार ने हाल ही में नई आबकारी नीति की घोषणा की है, जिसके तहत राज्य में शराब की कीमतों में वृद्धि होने की संभावना है। इस नीति के अनुसार, 19 धार्मिक स्थानों पर शराब की बिक्री बंद की जाएगी, जिससे होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए अन्य क्षेत्रों में शराब की कीमतों में वृद्धि की जाएगी। दरअसल शराब निर्माता कंपनियों का तर्क होता है कि वे अपनी शराब दूसरे राज्यों में बेचती हैं और दूसरे राज्यों से तुलना करके कीमत बढ़ाती हैं। इसमें कंपनी मनमानी कीमत बढ़ा देती थी। अब मध्य प्रदेश सरकार ने नियम बदल दिया है।

### बंद होंगी 47 मिश्रित शराब की दुकानें

अब मध्य प्रदेश में शराब की कीमतें पड़ोसी राज्यों के साथ तुलना करके तय की जाएंगी। शराब की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को मध्य प्रदेश के पड़ोसी राज्यों में शराब पर वैट और कीमत की तुलना करके तय किया जाएगा। नई नई आबकारी नीति के तहत 1 अप्रैल 2025 से राज्य के 19 धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री पूरी तरह से बंद कर दी जाएगी। इन स्थलों में उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मंडलेश्वर, ओरछा, मैहर, चित्रकूट, दतिया, अमरकंटक और सलकनपुर शामिल हैं। इस निर्णय से कुल 47 मिश्रित शराब की दुकानें बंद होंगी।

### 10 प्रतिशत तक बढ सकती है कीमत

19 जगह शराब बैन की भरपाई के लिए सरकार ने कीमतें बढ़ाने का निर्णय लिया है। हालांकि सरकार कीमत कितने प्रतिशत बढ़ाएगी इसकी स्थिति साफ नहीं है। अनुमानित है कि यह लगभग 10% तक हो सकती है। उदाहरण के लिए, यदि वर्तमान में शराब की कीमत 350 रुपए प्रति प्रूफ लीटर है, तो 10% वृद्धि के बाद यह 385 रुपए प्रति प्रूफ लीटर हो जाएगी।

### राजस्व बढ़ाने का लक्ष्य

नई नीति के अनुसार, सभी शराब दुकानों में POS (पॉइंट ऑफ़ सेल) मशीनें अनिवार्य की गई हैं। बिना POS मशीन के शराब बेचने पर 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा, और बार-बार नियम तोड़ने पर यह जुर्माना बढ़ता जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 15,000 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य है, जिसमें से 12,500 करोड़ रुपए पहले ही प्राप्त हो चुके हैं। यह लक्ष्य इस महीने तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा, वर्ष 2025-26 में शराब ठेकों की नीलामी से 17,000 करोड़ रुपए से अधिक की आय होने की उम्मीद है।

### ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने दी जानकारी

# होली की तारीख लेकर संशय समाप्त

अनूपपुर।

मिथिला व बनारस पंचांग में 13 मार्च गुरुवार को होलिका दहन होगा। फाल्गुन शुक्ल की पूर्णिमा दो दिन होने से होलिका दहन के एक दिन बाद यानी 15 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा फाल्गुन पूर्णिमा का व्रत 13 मार्च गुरुवार को तथा स्नान-दान की पूर्णिमा 14 मार्च शुक्रवार को होगी। फाल्गुन पूर्णिमा गुरुवार की सुबह 10.11 बजे से शुरू हो रहा है और भद्रा भी उसी समय से आरंभ हो रहा है। भद्रा गुरुवार की रात 10.47 बजे तक रहेगी। 14 मार्च शुक्रवार को पूर्णिमा तिथि दोपहर 11.22 बजे तक है। भद्रा में होलिका दहन करना वर्जित माना गया है। 13 मार्च की रात में पूर्णिमा तिथि विद्यमान रहेगी तथा भद्रा रात्रि के 10.47 बजे खत्म हो जाएगा। ऐसे में भद्रा समाप्ति के बाद उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में होलिका दहन होगा। शुक्रवार 14 मार्च को सूर्योदयकालीन पूर्णिमा, स्नान-दान की पूर्णिमा, कुलदेवता को सिंदूर अर्पण किया जाएगा। होलिका दहन के दिन होलिका की पूजा में अक्षत, गंगाजल, रोली-चंदन, मौली, हल्दी, दीपक, मिष्ठान आदि से पूजन होगा। पूजन के बाद होलिका में गुड़, कर्पूर, तिल, धुप, गुगुल, जौ, घी, आम की लकड़ी, गाय के गोबर से बने उपले (गोइठा) डालकर सात बार परिक्रमा करने से परिवार की सुख-शांति, समृद्धि में वृद्धि, नकारात्मकता का ह्रास, रोग-शोक से मुक्ति व मनोकामना की पूर्ति होती है। होलिका दहन की पूजा करने से होलिका की अग्नि में सभी दुःख, कष्ट, रोग-दोष जलकर खत्म हो जाते हैं। होलिका के जलने के बाद उसमे चना या गेहूं की बाली को पकाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करने से स्वास्थ्य अनुकूल, दीर्घायु, ऐश्वर्य में वृद्धि होती है। होलिका दहन के भस्म को पवित्र माना गया है। होली के दिन संध्या बेला में भस्म का टीका लगाने से सुख-समृद्धि और आयु में वृद्धि होती है। होलिका दहन के साथ भगवान से नई फसल की खुशहाली की कामना की जाती है। होलिका पूजन के दौरान मेष, वृश्चिक, सिंह, व वृष राशि वाले गुड़ की आहुति दें। मिथुन, तुला व कन्या कर्पूर की आहुति दें। कर्क राशि वाले गुगुल, धनु व मीन जौ और चने व मकर एवं कुंभ राशि वाले तिल को आहुति के रूप में होलिका में अर्पण करें। ज्योतिषाचार्य त्रिपाठी बताते हैं कि रंगोत्सव का पर्व होली उदय व्यापिनी चैत्र कृष्ण प्रतिपदा में मनाया जाता है। होली चैत्र कृष्ण प्रतिपदा 15 मार्च शनिवार को मनाई जाएगी। इस दिन दो शुभ नक्षत्रों का युग्म संयोग रहेगा। होली के दिन सुबह 7:46 बजे तक उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र फिर हस्त नक्षत्र पूरे दिन विद्यमान रहेगा। अखिलेश त्रिपाठी का कहना है कि दोपहर 12.55 बजे के बाद वृद्धि योग रहेगा। शास्त्रोचित मत से होली में लाल, पीला व गुलाबी रंग का प्रयोग शुभ माना जाता है। रंगों के आगे द्वेष और बैर की भावनाएं फीकी पड़ जाती है।




### होली के दिन लगेगा साल का पहला चंद्र ग्रहण

वैदिक पंचांग के अनुसार, 14 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा है। इस दिन रंगों का त्योहार होली मनाया जाएगा। होली के शुभ अवसर पर आत्मा के कारक सूर्य देव राशि परिवर्तन करेंगे वहीं, चंद्र ग्रहण का भी साया पड़ने वाला है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि मायावी ग्रह राहु के चंद्रमा या सूर्य का ग्रास कर लेने से ग्रहण लगता है। साल का पहला चंद्र ग्रहण होली के दिन लगेगा। साल का पहला चंद्र ग्रहण 14 मार्च 2025 होली पर लगने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जब भी कोई ग्रहण लगता है तो उसका अगले 15 दिन से लेकर एक महीने तक देश-दुनिया पर गहरा प्रभाव पड़ता है। होली के दिन चंद्र ग्रहण का समय सुबह 09 बजकर 29 मिनट से दोपहर 03 बजकर 29 मिनट तक रहेगा। पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि यह ग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा। जिसके कारण देश में सूतक काल के नियम मान्य नहीं होंगे ।

## अबोध बालिका के साथ मारपीट के आरोपी पिता को 7 वर्ष का सश्रम कारावास

**अनूपपुर।** सत्र न्यायाधीश अनूपपुर पी.सी. गुप्ता के न्यायालय द्वारा अपने समक्ष विचाराधीन सत्र प्रकरण क्र 18/24 थाना चचाई के आरोपी सुभाष चंद महरा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम देवरी, को कल दिनांक 11.03.2025 को अपनी 08 माह की पुत्री के साथ घोर उपहति कर कूरता करने के अपराध मे भादवि की धारा 325 में 07 वर्ष व किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 में 03 वर्ष और 25,000-25,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन/पीडित की ओर से पैरवी प्र0 जिला अभियोजन अधिकारी हेमन्त अग्रवाल द्वारा की गई। अभियोजन अधिकारी द्वारा प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि घटना दिनांक 21.05.2024 के दोपहर के समय की है, खाना बनाने के लिए लकडी लाने की बात को लेकर पति-पत्नि में विवाद हुआ था जिस पर आरोपी द्वारा अपनी पत्नि के साथ मारपीट की थी। पत्नि लकडी लेने चली गई थी और बच्ची को अपने पति के पास छोड गई थी जब पीडिता की मां 15-20 मिनट बाद पडोस से लकडी लेकर वापिस आई तो देखा कि उसकी 08 माह की बच्ची तडप-तडप कर रो रही थी उसके दोनों हाथों में चोट, कोहनी के उपर सूजन दाहिने पैर के घुटने के पास व कमर में सूजनदार चोट थी बच्ची बहुत तेजी से रो रही थी। अबोध बच्ची की मां ने जब अपने पति से पूछा कि बच्ची क्यों रो रही हैं तो उसने कहा कि बच्ची पलंग से गिर गई थी तब बच्ची की मां ने आरोपी से कहा कि तुम झूठ बोल रहे हो गिरने से इतनी चोट नही आ सकती। इस पर आरोपी द्वारा कहा गया मेरे द्वारा उसके साथ मारपीट की है यदि तुम उल्टी सीधी रिपोर्ट करोगी तो तुम्हारा भी हाथ तोडकर मार डालूंगा। अबोध बालिका की मां बच्ची को इलाज के लिए जिला अस्पताल अनूपपुर लाई। चोट की गंभीरता को देखते हुए उसे मेडीकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया पीडिता को आई चोट को देखते हुए जिला अस्पताल अनूपपुर द्वारा अस्पताली तहरीर चौकी को प्रेषित की। जहां से जांच उपरांत थाना चचाई में अपराध पंजीबद्ध हुआ प्रकरण में अन्वेषण के दौरान आवश्यक साक्ष्यो का संकलन किया गया जिसमें पीडिता को गंभीर चोटे/अस्थिभंग पाया गया। संपूर्ण विवेचना पश्चात अभिोग पत्र भादवि की धारा 307, 325, 294, 323, 506बी भादवि व 75 किशोर न्याय अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जहां माननीय न्यायालय द्वारा विचारण पश्चात आरोपी को उक्त दण्ड से दण्डित किया। माननीय न्यायालय द्वारा अपने निर्णय में संपूर्ण अर्थदण्ड की राशि को प्रतिकर के रूप में अबोध बालिका को प्रदान किए जाने बाबत आदेश दिया।




## वनांचल में 56 जनजातीय कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न

# भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम में 44 वर्षों से आयोजित हो रहा विष्णु महायज्ञ

अमरकंटक।





विख्यात आध्यात्मिक, धार्मिक, सामाजिक सेवा संगठन स्वामी भजनानन्द वनवासी सेवा आश्रम केन्दई द्वारा 3 से 11 मार्च तक 44 वें भगवान विष्णु महायज्ञ एवं 25 वें वनवासी कन्या सामूहिक विवाह का आयोजन परमपूज्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज की विशेष उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर परमपूज्य संत महामंडलेश्वर स्वामी श्री हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज, शांतिकुटी आश्रम के श्री महंत रामभूषण दास जी महाराज, मृत्युंजय सेवा आश्रम, अमरकंटक के समाजसेवी योगेश दुबे, अनूपपुर जिले के वरिष्ठ समाजसेवी मनोज द्विवेदी, अजय शुक्ला, बिजुरी, सुनील कुशवाहा, प्रयागराज से हरिभूषण हेमू जी, वृंदावन से विवेक द्विवेदी के साथ मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड के हजारों श्रद्धालु एवं सहयोगीगण शामिल हुए। स्वामी भजनानन्द जनजातीय सेवा आश्रम केन्दई द्वारा जनजातीय सामूहिक विवाह आयोजन के रजत जयंती वर्ष 2025 में 56 जनजातीय कन्याओं का निः शुल्क सामूहिक विवाह करवाया गया।

### 3 से 11 मार्च तक सम्पन्न हुए विविध कार्यक्रम

स्वामी भजनानन्द वनवासी सेवा आश्रम केंदई में वार्षिक समारोह, यज्ञ, कथा एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम का पूर्ण विधि विधान से शुभारंभ 3 मार्च सोमवार को संतो, आचार्यो अतिथियों, स्थानीय जनजातीय लोगों की उपस्थिति मे कलश शोभायात्रा और यज्ञ कर्म से किया गया। शोभायात्रा में सैकडों लोग शामिल हुए। प्रतिदिन नियमित रुप से यज्ञाचार्य पं रवि कुमार मिश्र की उपस्थिति में प्रातः 6-8 बजे तक रुद्राभिषेक और शिवार्चन, तत्पश्चात यज्ञ, दोपहर 2 से शायं 5 बजे तक आचार्य राजपुरोहित पं चन्द्रहास त्रिपाठी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, 11 मार्च को यज्ञ पूर्णाहुति, 9-10 मार्च को विद्यालय के छात्र - छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 11 मार्च मंगलवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### 45 वर्ष से धर्मान्तण के विरुद्ध कर रहे कार्य

मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित सुदूर वनांचल में घने जंगलों के मध्य स्थित यह आश्रम सनातन समाजसेवियों की आस्था का केन्द्र रहा है। परमपूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी हरिहरानंद जी महाराज ने बतलाया कि यह आश्रम पिछले 45 वर्षो से अवैध धर्मान्तण के विरुद्ध मजबूती से कार्य कर रहा है। विगत वर्षो की भांति स्वामी भजनानन्द वनवासी सेवा आश्रम, केंदई के तत्वावधान में पूज्य सद्गुरुदेव परमहंस श्री स्वामी शारदानन्द सरस्वती जी महाराज की कृपाछाया में 3 से 11 मार्च तक 44 वें विष्णु महायज्ञ एवं 25 वें वनवासी सामूहिक विवाह महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों ने सहभागिता निभाई। इस वर्ष वनवासी सामूहिक विवाह महोत्सव को 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। जिसे रजत जयंती महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। यह स्थान वनवासी बाहुल्य क्षेत्र होने से यहाँ मानवीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु ऐसे आयोजन कम हो पाते हैं । तब भी आश्रम के विभिन्न प्रकल्प, यज्ञ और सामूहिक विवाह के महाकुंभ में क ई राज्यों के एवं छत्तीसगढ - मध्यप्रदेश के सैकडों गांव के लोगों ने आयोजन में शामिल होकर सुअवसर का लाभ उठाया ।

### 44वां पञ्चकुण्डीय विष्णु महायज्ञ

स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी ने बतलाया कि सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार और बीहड़ क्षेत्र में रहने वाले वनवासी बंधुओं के उत्थान एवं सभ्यता के मुख्यधारा में जोड़ने हेतु जागरण अभियान की शुरूआत 45 वर्ष पूर्व हुई । पञ्चकुण्डीय विष्णु महायज्ञ के माध्यम से पूरे क्षेत्र के समस्त ग्रामीण समूहों में एकत्र होने लगे । उनके जीवन स्तर में सुधार होने लगा । सामग्री - यज्ञ के लिये तिल, चावल, जौ, गुड, शक्कर, घी, लकड़ी (समिधा) इत्यादि सामग्री स्थानीय श्रद्धालुगण उपलब्ध करवाते हैं।

### 25वां निःशुल्क जनजातीय सामूहिक विवाह

ईश्वर की प्रेरणा से विगत चौबीस वर्षों से वनवासी बालक-बालिकाओं के सामूहिक विवाह से इस जनजातीय क्षेत्र की दिशा ही बदल गई है । जो अपनी गरीबी के कारण विवाह जैसी पवित्र सनातन परम्परा को नहीं अपना पाते थे। आज बड़े उत्साह से अपने माता-पिता के साथ आकर नवदम्पत्ति अग्नि की साक्षी में वैदिक विद्वानों द्वारा वेद मंत्रों के साथ सात भांवरें लेकर पवित्र वैवाहिक जीवन बिताते है। सबके सहयोग से नव दम्पत्ति आश्रम द्वारा जीवन निर्वाह की आवश्यक सामग्री प्राप्त कर हर्षित होते हैं। हजारों वनवासी बिना किसी जाति, सम्प्रदाय, वर्ग के भाग लेते हैं और धीरे-धीरे दिल्ली, पंजाब, झारखंड, छत्तीसगढ़, बंगाल, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, मध्यप्रदेश, आदि प्रान्तों से संपन्न उदारजन यज्ञ में पहुँचकर कन्यादान का सौभाग्य प्राप्त करने लगे हैं । छ.ग. शासन भी इस आश्रम से सामूहिक विवाह की प्रेरणा प्राप्त कर शासकीय स्तर पर सामूहिक कन्या विवाह आयोजित कर रहा है, जो गरीबों के लिये बहुत सुन्दर एवं मजबूत शुरुआत है। वर-वधुओं के अभिभावक, संरक्षक बनकर उनके सुखी जीवन में भागीदार बनकर उन्हें संबल प्रदान कर रहे हैं।

### पवित्र भाव से कर रहे कार्य

स्वामी भजनानन्द वनवासी सेवा आश्रम, केन्दई की स्थापनाआज से 45 वर्ष पूर्व ईश्वरीय प्रेरणा से प्पूज्य सद्गुरुदेव परमहंस श्री स्वामी शारदानन्द सरस्वती जी महाराज ने की थी। उन्हें इस दिव्य स्थान पर पूर्व में किसी सिद्ध संत की तपःस्थली होने का अनुभव हुआ । वातावरण में उपस्थित दिव्य अणु-परमाणुओं ने पूज्य महाराजश्री को अंतःप्रेरित किया और उन्होंने इस नैसर्गिक व दैवीय गुणों से आप्लावित स्थान के उत्थान के लिए संकल्प ले लिया 'तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु' और इस स्थान को 'कर्दम तीर्थ' के नाम से स्थापित कर दिया, जहां सेवा के अनेक प्रकल्प संचालित हैं।